यूनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-पैसिफिक रीजनल रजिस्टर

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में **रामचरितमानस, पंचतंत्र और सहृदयलोक-लोकन** को **'यूनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-पैसिफिक रीजनल रजिस्टर'** में शामिल किया गया है।

- **आचार्य आनंदवर्धन, पं. विष्णु शर्मा** और **गोस्वामी तुलसीदास** ने क्रमशः **'सहृदयालोक-लोकन'**, **'पंचतंत्र'** तथा 'रामचरितमानस' की रचना की।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (Indira Gandhi National Centre for the Arts- IGNCA) ने **मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमेटी फॉर एशिया एंड द पैसिफिक (MOWCAP) की 10वीं बैठक** के दौरान इस ऐतिहासिक उपलब्धि को प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
  - यह पहली बार है जब IGNCA ने **वर्ष 2008 में अपनी स्थापना के बाद से** रीजनल रजिस्टर में अपना नामांकन दर्ज़ किया है।
- **मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड (MoW) कार्यक्रम** महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ी विरासत के संरक्षण हेतु **वर्ष 1992 में UNESCO** द्वारा शुरू की गई एक **वैश्विक पहल** है।
- **एशिया प्रशांत क्षेत्र में** मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमेटी फॉर एशिया एंड द पैसिफिक **(MOWCAP)** नामक एक विशिष्ट शाखा **की स्थापना वर्ष 1998** में की गई थी।
  - MOWCAP में **43 देश शामिल हैं,** जो UNESCO के पाँच क्षेत्रीय कार्यक्रमों में से एक का प्रतिनिधित्व करते हैं।

और पढ़े: इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और संग्रहालय

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unesco-s-memory-of-the-world-asia-pacific-regional-register